विवरण

जनवरी, 1990 से जनवरी, 1991 (जिनमें ये दोनों महीने शामिल हैं) तक की अवधि में मध्य प्रदेश को आवंटित चावल, गेहूं, लेवी चीनी और आयातित खाद्य तेलों की मात्रा

(हजार टनों में)

अवधि	चावल	गेहूं	लेवी चीनी	आयातित खाद्य तेल
जनवरी, 90 से जनवरी, 91	311.0	390.0	332.9*	38.00

*इनमें त्यौहार मौसम का कोटा भी शामिल है।

केन्द्रीय सरकार द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत मैदा की आपूर्ति नहीं की जाती है।

नियंत्रित कपड़े की कुछ मात्रा राष्ट्रीय कपड़ा निगम के अपने खुदरा बिक्री केन्द्रों और प्राधिकृत डीलरों के माध्यम से वितरित की जाती है।

विदेशी पर्यटक

1161. **श्री अजीत जोगी :** क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1988 से अब तक भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों की वर्ष-वार तथा देश-वार संख्या कितनी है ?

(ख) वर्ष 1990 के दौरान प्रत्येक देश से कितने-कितने पर्यटकों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है;

(ग) क्या यह सच है कि सोवियत संघ के पर्यटन विभाग ने अपने नागरिकों के लिये पर्यटन पर पाबन्दी लगा दी है जिसके परिणामस्वरूप सोवियत संघ से आने वाले पर्यटकों की संख्या प्रति वर्ष घटती जा रही है ;

(घ) यदि हां, तो उपरोक्त पाबन्दी के कारण भारत पर्यटक विकास निगम को कितना घाटा हुआ है; और

(ङ) और अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती उषा सिंह) : (क) पर्यटक भेजने वाले मुख्य देशों से 1988 से भारत आये पर्यटकों की देश-वार संख्या नीचे दी गयी है :—

देश	1988	1989	1990 (अनुमानित)
1	2	3	4
जापान . . .	49,244	58,707	61,109
यू०के० . . .	200,509	229,496	223,500
यू०एस०ए० . . .	122,888	134,314	122,518

1	2	3	4
एफ०आर०जी० . .	76,371	78,431	69,222
फ्रांस . .	69,799	78,001	86,736
श्रीलंका . . .	70,640	67,680	66,936
इटली . . .	47,612	50,751	48,862
कनाडा . . .	37,498	48,306	40,577
यू०एस०एस०आर० . .	33,739	36,940	39,678
मलेसिया . . .	29,635	33,120	31,489
अन्य* . . .	502,057	529,486	539,323
	1,239,992	1,337,232	1,329,950

*पाकिस्तान और बांगलादेश के राष्ट्रिकों को छोड़कर

(ख) 1990 के दौरान पर्यटक आगमनों में लगभग 8 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य परिकल्पित किया गया था ।

(ग) 1990 के आखिरी छः महीने से सोवियत संघ से भारत आने वाले पर्यटक यातायात के प्रवाह पर उस देश में घटी घटनाओं के कारण प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है ।

(घ) हानि की मात्रा बताना सम्भव नहीं है क्योंकि भारत पर्यटन विकास निगम राष्ट्रिकता-वार हिसाब-किताब नहीं रखता ।

(ङ) भारत में अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों में चार्टर नीति को उदार बनाना, पांच वर्ष तक की अवधि के लिए बहु-प्रवेश वीजा शुरु करना, चेकों/क्रेडिट कार्डों द्वार वीजा फीस की अदायगी का प्रावधान करना, पर्यटक सुविधाओं में सुधार करना प्रतिबंधित क्षेत्र परमिटों से संबंधित नियमों में ढील देना, पर्यटन आधारित-संरचना सुविधाओं का उन्नयन करना, होटलों और अन्य स्थापनाओं में मुद्रा परिवर्तन सुविधाओं का सृजन करना, आदि शामिल हैं । एक अवकाश गंतव्य के रुप में भारत की छवि सुधारने के लिए वर्ष 1991 को "भारत पर्यटन वर्ष" भी घोषित किया गया है ।

संसद सदस्यों को फ्लैटों/प्लाटों का आवंटन

1162. **श्री भद्रेश्वर बुरागोहांइ :** क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार संसद सदस्यों को प्राथमिकता के आधार पर दिल्ली विकास प्राधिकरण के प्लाट अथवा फ्लैट आवंटित करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या यह सच है कि संसद सदस्यों को कुछ चुनिन्दा सहकारी आवास समितियों को ही प्लाट आवंटित किए गए हैं तथा बाकी समितियों की आवंटन हेतु प्रार्थनाओं को रद्द कर दिया गया है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी कारण क्या है ?